
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 13.7.26 | 3 | 6-8 |

**एचएयू प्रवेश परीक्षा • 17 केंद्रों पर 82.52 प्रतिशत उपस्थिति**

## स्नातक व स्नातकोत्तर में दाखिले के लिए 6649 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

भास्कर न्यूज | हिसार



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था की। कुलपति बलदेव राज काम्बोज ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर अभ्यर्थियों की सुविधा, बैठने-पीने की व्यवस्था और परीक्षा संचालन की प्रक्रियाओं का जायजा लिया।

प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में कुल 17 केंद्र बनाए गए थे। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 254 सीटों पर 8057 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए, जिनमें से 6649 ने परीक्षा दी। इस तरह उपस्थिति 82.52 प्रतिशत रही। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निरीक्षण दल तैनात रहे और परीक्षा के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी की फोटोग्राफी भी कराई गई। दाखिले से जुड़ी अद्यतन सूचना के लिए विश्वविद्यालय की प्रवेश वेबसाइट पर नियमित रूप से जानकारी देखने को कहा गया।

**जानिए... किन कोर्सों में दाखिला के लिए उमड़ी विद्यार्थियों की भीड़:** रविवार को जिन कोर्सों के लिए परीक्षा हुई, उनमें सबसे ज्यादा मारामारी बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर (4 वर्षीय). और बीएससी ऑनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए है। इसके अलावा कॉलेज ऑफ बेसिक साइंसेज के तहत केमिस्ट्री, फिजिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फूड साइंस और कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी के मॉलिक्यूलर बायोलॉजी व इंडस्ट्रियल बायोटेक्नोलॉजी जैसे कोर्सेज शामिल हैं, जिनकी देश-विदेश के कॉर्पोरेट और रिसर्च सेक्टर में भारी डिमांड है। प्रवेश परीक्षा के बाद अब यूनिवर्सिटी जल्द ही आंसर-की और रिजल्ट जारी करेगी। काउंसलिंग और कट-ऑफ से जुड़ी किसी भी आधिकारिक व लेटेस्ट अपडेट के लिए छात्र नियमित रूप से यूनिवर्सिटी की वेबसाइट admissions.hau.ac.in और hau.ac.in चेक करते रहे।

### एक सीट पर 26 परीक्षार्थी

| | |
|---|---|
| एडमिट कार्ड जारी हुए | 8,057 |
| परीक्षार्थी पहुंचे | 6,649 |
| अनुपस्थित रहे | 1,408 |
| कुल उपस्थिति | 82.52% |
| प्रति सीट दावेदारी | 26 छात्र |

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 13.7.26 | 3 | 4-7 |

# हकृवि में दाखिले के लिए 6649 छात्रों ने दी प्रवेश परीक्षा

- विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा को लेकर किए पुख्ता इंतजाम
- प्रवेश परीक्षा में 82.52 प्रतिशत विद्यार्थियों ने दर्ज कराई उपस्थिति

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नात्तकोतर कोर्सेज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता प्रबंध किए गए थे। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

विश्वविद्यालय के जिन कोर्सेज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बीएससी आनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस,



एचएयू के कुलपति प्रो. काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए • विज्ञप्ति

फूड साइंस एंड टेक्नोलाजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलाजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलाजी, स्टेटिसटिक्स व जूलाजी, कालेज आफ बायो-टेक्नोलाजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलाजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलाजी एंड बायो-टेक्नोलाजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज शामिल है। प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8057 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी किए गए। सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 6649 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। उपरोक्त परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 82.52 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। दाखिले से संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से चेक करते रहें। मेरिट पर दाखिला मिलेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 13.7.26 | 4 | 3-5 |

# ज्ञान की कसौटी पर परखी गई प्रतिभा

## एचएयू में दाखिले के लिए 17 केंद्रों पर 6649 अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में दाखिले की उम्मीद लिए पहुंचे 6649 अभ्यर्थियों ने रविवार को अपनी प्रतिभा की परीक्षा दी। स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की गई।

विश्वविद्यालय परिसर सहित 17 केंद्रों पर परीक्षा कराई गई। इसके लिए 8057 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे जिनमें से 6649 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। कुल उपस्थिति 82.52 प्रतिशत रही। सुरक्षा व्यवस्था के तहत सुबह 9 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया।

परीक्षा में बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर, बीएससी (ऑनर्स) एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए अभ्यर्थी शामिल हुए। इनमें मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय और कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के कई विषयों के पाठ्यक्रम शामिल रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों को परीक्षा संचालन में निष्पक्षता, पारदर्शिता और अभ्यर्थियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र और पहचान पत्रों की जांच की गई। परीक्षा की निगरानी के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने विशेष निरीक्षण दल भी तैनात किए थे।



एचएयू में आयोजित परीक्षा का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. कांबोज। स्रोत : संस्थान

- पेपर का स्तर कुल मिलाकर आसान रहा। खासकर बायोलॉजी के प्रश्न काफी सरल थे और सिलेबस से ही पूछे गए थे। प्रश्नपत्र पूरा करने के लिए पर्याप्त समय मिला इसलिए बिना जल्दबाजी के पेपर पूरा हो गया। - **रितिका, अभ्यर्थी, राजस्थान।**

- केमिस्ट्री का सेक्शन अन्य विषयों की तुलना में थोड़ा कठिन लगा। कुछ प्रश्नों ने सोचने पर मजबूर किया जबकि बायोलॉजी काफी आसान रही। कुल मिलाकर पेपर संतुलित था। - **राहुल, अभ्यर्थी, अंबाला।**

- फिजिक्स में न्यूमेरिकल प्रश्न अपेक्षाकृत कठिन थे। उन्हें हल करने में अधिक समय लगा जिसके कारण कुछ प्रश्न छूट गए। हालांकि बायोलॉजी का सेक्शन आसान रहा और कुल मिलाकर परीक्षा अच्छी रही। - **प्रवीन, अभ्यर्थी, करनाल।**

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 13.7.26 | 12 | 2-6 |

### परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 82.52 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई

# एचएयू के विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए विद्यार्थियों ने 17 केंद्रों पर दी परीक्षा

**कुलपति ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नात्तकोतर कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।



हिसार। एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

विश्वविद्यालय द्वारा जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज शामिल है।

### 6649 परीक्षा देने पहुंचे

प्रवेश परीक्षा के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8057 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी किए गए। सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 6649 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। उपरोक्त परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 82.52 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट **admissions.hau.ac.in and hau.ac.in** पर नियमित रूप से चेक करते रहें।


चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 13.7.26 | 3 | 3-6 |

# हकृवि के विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न

**कुलपति ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण।**

**– परीक्षा में उम्मीदवारों की 82.52 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई**



*कुलपति प्रो. काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए*

हिसार, 12 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोतर कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

विश्वविद्यालय द्वारा जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बी.एस.सी. ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बी.एस.सी. आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज शामिल है। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8057 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी किए गए। सभी परीक्षा केंद्रों में 6649 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। परीक्षा में उम्मीदवारों की 82.52 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 13.7.26 | 5 | 4-5 |

# हकृवि के विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

## कुलपति ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हिसार, 12 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नात्तकोतर कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। विश्वविद्यालय द्वारा जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज शामिल है। प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8057 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी किए गए। सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 6649 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। उपरोक्त परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 82.52 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से चेक करते रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण | 12..07.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि के विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

- कुलपति ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण
- परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 82.52 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई

दक्ष दर्पण

हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। विश्वविद्यालय द्वारा जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिस्टिक्स व जूलॉजी, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज शामिल है। प्रवेश परीक्षा के लिए



एचएयू के कुलपति प्रो. काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए


चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8057 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी किए गए। सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 6649 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। उपरोक्त परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 82.52 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट admissions.hau.ac.in and hau.ac.in पर नियमित रूप से चेक करते रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 12..07.2026 | ----- | ---- |

## हकृवि के विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

समस्त हरियाणा न्यूज



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया। विश्वविद्यालय द्वारा जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-कमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज शामिल है। प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8057 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी किए गए। सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 6649 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। उपरोक्त परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 82.52 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से चेक करते रहें।